# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
## 29/07/2021

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Patrika News, Jaipur (RJ)**

# पौधे लगाकर संरक्षण की ली जिम्मेदारी

पत्रिका हरियाली से खुशहाली

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**कोटखावदा.** ग्राम पंचायत मुख्यालय महादेवपुरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व राजीव गांधी सेवा केंद्र परिसर में मंगलवार को पौधे लगाकर एक व्यक्ति एक पौधा लगाने का संकल्प लिया। यहां अस्पताल परिसर से पौधरोपण की शुरुआत सरपंच रेणू बैरवा, चिकित्सा प्रभारी डॉ. लक्ष्मीनारायण मीना, ग्राम विकास अधिकारी मिश्रीलाल मीना, कनिष्ठ सहायक सोहनलाल सैन, अनिल नैनीवाल, पूर्व उपसरपंच प्रेमचंद जैन, जीएसएस अध्यक्ष भंवर लाल प्रजापत, जगदीश जांगिड़, लक्ष्मण बैरवा, लक्ष्मण शर्मा सहित कई कार्मिकों ने पौधे लगाए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था कर नियमित देखभाल का संकल्प लिया। ग्राम पंचायत क्षेत्र में साथ ही एक व्यक्ति एक पौधा लगाने का अभियान चलाने का संकल्प लिया। इसी प्रकार राउप्रावि मण्डावरी में प्रधानाध्यापक विजय शर्मा, एसएमसी अध्यक्ष राकेश मीणा, पूर्व सरपंच रामनिवास मीना, शंकरलाल मीना, रामकेश मीना सहित अन्य ने पौधे लगाकर सुरक्षा का संकल्प लिया।

**बूज-मानोता.** थौलाई ग्राम पंचायत मुख्यालय स्थित अस्थल गांव के गोपालजी मंदिर परिसर के पास वीर तेजाजी नवयुवक मण्डल अस्थल के की ओर से महंत श्रीराधा माधव शरण के सान्निध्य में ग्रामीणों ने पौधरोपण किया। इस दौरान थौलाई ग्राम पंचायत सरपंच रामस्वरूप मीणा, हनुमान फागणा भगवानपुरा, वीर तेजाजी नवयुवक मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सैनी, उपाध्यक्ष रवि सैनी, ताराचन्द सैनी सचिव, विष्णु सैनी सदस्य, कृष्ण, गौरीशंकर शर्मा व संगठन प्रभारी मांगीलाल सैनी सहित अन्य लोगों ने पौधरोपण कर देखभाल की जिम्मेदारी ली।(निसं)

**जमवारामगढ़.** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इन्द्रगढ़ में मंगलवार को जमवारामगढ़ विधायक गोपाल मीणा के सान्निध्य में पौधरोपण किया गया। इस दौरान विधायक ने कहा कि पौधरोपण से वातावरण शुद्ध होता है। प्राकृतिक सौंदर्य से खुशहाली आती है। जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को हर उम्र में पौधरोपण कर लालन पालन करना चाहिए। रेपिड एक्शन फोर्स के कमांडेट प्रवीण सिंह ने पौधों को जीवन का अहम हिस्सा बनाने व आमजन को जागरूक करने पर जोर दिया। कायक्रम में सरपंच इंद्रगढ़ समता गुर्जर, रामजीलाल गुर्जर, रामफूल गुर्जर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।


ग्राम महादेवपुरा पीएचसी परिसर में पौधरोपण करते हुए।


ग्राम अस्थल गोपाल मंदिर के बाहर पौधरोपण करते महंत, सरपंच व ग्रामीण।

## काशीपुरा विद्यालय में किया पौधरोपण

**देवगांव.** ग्राम पंचायत काशीपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के परिसर में मंगलवार को पौधरोपण किया गया। सरपंच गिर्राज मीणा और प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद जांगिड़ के नेतृत्व में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य जांगिड़ ने कहा की पंचायत प्रशासन की ओर से अभियान के तहत लगाए पौधों की देखभाल की शिक्षकों को जिम्मेदारी दी गई है। सरपंच मीणा ने बताया कि पंचायत परिक्षेत्र में अधिक से अधिक पौधरोपण करवाकर देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान नरेश कुमार, विजया पारीक, सुमित्रा गढ़वाल, मनीषा पाटीदार, सुरेन्द्र किसान, मंजू बैरवा, वसुधा फौजदार, मंजुबाला मीणा सहित कई लोग मौजूद रहे।


काशीपुरा के राजकीय विद्यालय में पौधरोपण करते हुए।


राउमावि इंद्रगढ़ में पौधरोपण करते विधायक व जवान।


तुंगा थाना परिसर में पौधरोपण करते पुलिसकर्मी।

**तुंगा(देवगांव).** कस्बे के बस्सी सड़क मार्ग पर स्थित तुंगा थाना परिसर में मंगलवार को पौधरोपण किया गया। थानाधिकारी रमेश मीणा के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने पौधरोपण में उत्साह से हिस्सा लेकर 51 पौधे लगाए। इसके बाद पौधों की देखभाल के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए। थानाधिकारी ने पौधों की नियमित देखभाल करने की पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई।


राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सालगरामपुरा में पौधरोपण करते हुए।

इस दौरान एएसआई अमरसिंह, छाजूलाल, हैड कांस्टेबल भरतलाल, लालाराम, कांस्टेबल राजेंद्र, सुभाष, वकील, सुरेंद्र, देवगांव चौकी प्रभारी रामराज, कमलेश, मेघराम, महिला कांस्टेबल संतोष, दुर्गा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

**बाड़ापदमपुरा.** क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सालगरामपुरा में मंगलवार को 83वीं बटालियन द्रुत कार्य बल की ओर से विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इस मौके पर धर्मेन्द्र सिंह मीणा सहायक कमांडों ने कहा कि पौधों का हमें खुशहाल जीवन व्यतीत करने के लिए नहीं बल्कि जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। ग्राम पंचायत बल्लुपुरा के रायपुरिया खुर्द के खेल मैदान में भी पौधरोपण किया। इस मौके पर शंकरलाल बैरवा सरपंच डाहर, डॉ. रामावतार शर्मा, जितेन्द्र सिंह यादव, भवानी सिंह मीणा सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

News dairy, Aligarh (UP)

# 104 बटालियन आरएएफ में मनाया गया स्थापना दिवस



104 आरएएफ बटालियन परिसर में पौधों को पानी देते आर ए एफ़ के अधिकारी। *विज्ञप्ति*

अलीगढ़। 104 बटालियन आरएएफ परिसर में कमांडेंट अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का 83वां स्थापना दिवस मनाया गया। कमांडेंट ने वाहिनी क्वार्टर गार्ड में सलामी ली। उन्होंने कहा कि आरएएफ बटालियन भी सीआरपीएफ का अभिन्न अंग है, वह एक विशेष दंगा रोधी बल है। 27 जुलाई 1939 को नीमच, मध्यप्रदेश में सीआरपीएफ का गठन क्राउन रिप्रजेंटेटिव पुलिस के नाम से किया गया था। वर्तमान में आरएएफ की 15 बटालियन है। कैंप परिसर में पौधरोपण किया गया। शाम को वॉलीबाल मैच खेला गया। ब्यूरो

**Gujarat Manch, Jambusar(GJ)**



# જંબુસરમાં રેપીડ એક્શન ફોર્સની ફ્લેગમાર્ચ યોજાઈ....

આગામી દિવસોમાં તહેવારો ની વણઝાર ને લઇને જંબુસર નગરની ભૌગોલિક પરિસ્થિતિથીનો ચિતાર મેળવી રેપીડ એક્શન ફોર્સની ટુકડી વાકેફ થાય અને ભવિષ્યમાં સંવેદનશીલ તેમજ અતિસંવેદનશીલ વિસ્તારમાં પહોંચીને જરૂર પડ્યે તાત્કાલિક પરિસ્થિતિ ઉપર કાબુ મેળવી શકાય તે માટે જંબુસર નગરના માર્ગો ઉપર રેપીડ એક્શન ફોર્સની ફ્લેગ માર્ચ યોજવામાં આવી હતી.રેપીડ એક્શન ફોર્સના કમાન્ડીંગ સાથે જંબુસર પોલીસ સ્ટેશન નાં સ્ટાફ ના લોકો   પણ જોડાયા હતા.જોકે નજીક માં કોઇ તહેવાર ન હોવાથી અચાનક રેપીડ એકશન ફોર્સની ટુકડીનું ફ્લેગમાર્ચ જોઈ જંબુસર નાં નગરજનો આશ્ચર્યચકિત થઈ ગયા હતાં...

**B/100 BN  C/OUT FAM-EX. DUTY AT BHARUCH, GUJARAT**

## Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF






**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**